them, the vacancies will not be filled by other candidates and will be kept vacant to be filled in subsequent recruitment attempts by SC/ST candidates.

(ii) Special Recruitment Drives have been conducted (1989, 1990 & 1991) to fill exclusively the backlog vacancies reserved for SC/ST.

(iii) To make up the shortfall in the intake of SC/ST candidates, in posts filled by promotion in grades having direct recruitment quota, due to non-availability of suitable SC/ST candidates, vacancies are temporarily diverted to the direct recruitment quota for SC/ST till such time suitable SC/ST candidates from the feeder cadre are available.

(iv) Various concessions and facilities like relaxation in upper age limit, exemption from payment of examination/application fee, more number of changes for appearing at an examination, relaxing the standard of suitability etc. have been provided to improve the intake of SC/ST candidates.

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की नई सूची

4035. **श्री रामसिंह राठवा:** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की एक नई सूची तैयार करने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(ग) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की पूर्ववर्ती सूची कब तैयार की गई थी?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) (क) और (ख) विद्यमान सूचीं में कुछ नए समुदायों को शामिल करके, समतुल्य नामों, समानार्थक नामों, उप जातियों/उप जनजातियों को जोड़कर, अनुसूचित जातियों की सूची से अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में कुछ समुदायों को अंतरित करके और अनुसूचित जनजातियों की सूची से अनुसूचित जाति की सूचियों में कुछ समुदायों को अंतरित करके, विद्यमान सूची में से अपमानजनक नामों को निकाल करके, कुछ समुदायों के मामले में क्षेत्र प्रतिबन्धों को पुनः लागू करके और पिरामादि-विधान वर्तनी आदि जैसी - कुछ शाब्दिक शुद्धियां करके, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में व्यापक संशोधन करने का प्रस्ताव है।

(ग) ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं।

विवरण

1. संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950

2. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950

3. संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951

4. संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951

5. संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1956

6. संविधान (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959

7. संविधान (दादर और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962

8. संविधान (दादर और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962

9. संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964

10. संविधान (उत्तर प्रदेश) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1967

11. संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति, आदेश, 1968

12. संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति, आदेश, 1968

13. संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जाति आदेश, 1970

14. संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978

15. संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978

16. संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989